कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के द्वारा मार्च, 2022 माह में किये गए महत्वपूर्ण / उल्लेखनीय कार्य

I. प्रशिक्षण और क्षमता विकास

i. माननीय प्रधानमंत्री ने 17.03.2022 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) में 16 सेवाओं और 3 रॉयल भूटान सेवाओं (प्रशासनिक, पुलिस और वन) के 488 अधिकारी प्रशिक्षुओं के 96वें कॉमन फाउंडेशन कोर्स के समापन समारोह को संबोधित किया। उन्होने नए खेल परिसर का भी उद्‌घाटन किया और नवनिर्मित हैप्पी वैली परिसर को राष्ट्र को समर्पित किया और एलबीएसएनएए के 'डाक सचित्र रद्दीकरण' (पोस्टल पिकटोरियल कैन्सीलेशन) का विमोचन किया।

ii. कैबिनेट सचिव ने 21 मार्च, 2022 को आईएएस वृत्तिक पाठ्यक्रम चरण-I (2021 बैच) का उद्‌घाटन किया, जिसमें 2 रॉयल भूटान सिविल सेवाओं सहित 183 अधिकारी प्रशिक्षु शामिल थे।

iii. पार्श्व भर्ती के माध्यम से संयुक्त सचिव/निदेशक/उप सचिव के स्तर पर नियुक्त 30 उम्मीदवारों का प्रारम्भिक प्रशिक्षण दिनांक 21.03.2022 से भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए), नई दिल्ली में शुरू किया गया और माननीय राज्य मंत्री (पीपी) ने दिनांक 22.03.2022 को उन्हें संबोधित किया और उनसे वार्तालाप किया।

iv. वर्तमान में चल रही लोक सेवा क्षमता वृद्धि परियोजना (पीएससीईपी) [राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता विकास कार्यक्रम (एनपीसीएससीबी) - मिशन कर्मयोगी] के लिए ऋण/तकनीकी सहायता पर बातचीत करने के लिए दिनांक 04.03.2022 को आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) और विश्व बैंक की टीम के अधिकारियों के साथ डीओपीटी के अधिकारियों की एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई और 47 मिलियन अमरीकी डालर की ऋण राशि पर सहमति व्यक्त की गई है।

v. माह के दौरान ईएचआरएमएस डेटा एकीकरण के माध्यम से आईजीओटी कर्मयोगी मंच पर शिक्षार्थियों की ऑन-बोर्डिंग प्रक्रिया जारी रही। 13 चुने गए एमडीओ में से कुल 6984 शिक्षार्थियों को मंच पर ऑन-बोर्ड किया गया।

vi. क्षमता विकास आयोग ने संयुक्त रूप से दिनांक 28-31 मार्च, 2022 के दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (एसवीपीएनपीए) के 34 से अधिक पुलिस अधिकारी प्रतिनिधियों के लिए "कर्मयोगी पुलिस कार्मिक बनना" विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की।

vii. क्षमता विकास आयोग ने 22 मार्च, 2022 को गुजरात के राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के विधि अधिकारियों के लिए एक सप्ताह के क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया।

II. चयन और नियुक्तियाँ

i. श्री अमरजीत सिन्हा, आईएएस (बीएच:83) (सेवानिवृत्त) की सदस्य, पीईएसबी के रूप में नियुक्ति को दिनांक 24.03.2022 की अधिसूचना के माध्यम से अधिसूचित किया गया।

ii. श्री प्रदीप सिंह खरोला, आईएएस (केएन: 85) (सेवानिवृत्त) को भारत सरकार के सचिव के पद और वेतन में अध्यक्ष, राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए), नई दिल्ली के रूप में दिनांक 23.03.2022 (पूर्वाह्न) से 22.03.2025 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, 03 वर्षों की अवधि के लिए संविदा (कांट्रैक्ट) के आधार पर नियुक्त किया गया।

iii. पीईएसबी, डीओपीटी ने निदेशक/सदस्य के 15 (पंद्रह) पदों और एमडी/सीएमडी के 05 (पांच) पदों के लिए विज्ञापन जारी किए। सीएमडी/एमडी के 04 (चार) पदों और निदेशक के 15 (पंद्रह) पदों के लिए चयन बैठकों का आयोजन किया गया।

III. लोकपाल मामले

प्रत्यायोजित निवेश बोर्ड (डीआईबी) की दिनांक 25.03.2022 को आयोजित बैठक में एनबीसीसी से ई-नीलामी मोड के माध्यम से 254.88 करोड़ रुपये की लागत पर वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली में दो मंजिलों (ए-400 और ए-500) सहित 59,504 वर्ग फुट के सुपर बिल्ट एरिया (44830 वर्ग फुट कार्पेट एरिया) के कार्यालय स्थल के अधिग्रहण के प्रस्ताव का मूल्यांकन और अनुमोदन किया गया।

IV. विशेष अभियान

मार्च-2022 के दौरान, 551 के बैकलॉग सहित 1255 लोक शिकायतों में से 793 लोक शिकायतों का निपटान किया गया। रिकार्ड प्रबंधन के भाग के रूप में, 3199 फाइलों की समीक्षा की गई और 1976 फाइलों को वीड-आउट कर दिया गया और 07 अंतर-मंत्रालयी मंत्रिमंडल संदर्भों का निपटान किया गया।

V. कल्याण

क. सीसीएससीएसबी द्वारा दिनांक 11.3.2022 से 15.03.2022 तक राजा बाजार, गृह कल्याण केंद्र, सामुदायिक केंद्र, गोल मार्केट, नई दिल्ली में अखिल भारतीय सिविल सेवा कैरम टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में कुल 33 टीमों ने भाग लिया।

ख. दिनांक 07.03.2022 से 10.03.2022 तक सिविल सेवा अधिकारी संस्थान, नई दिल्ली में अंतर-मंत्रालयी संगीत, नृत्य और लघु नाटक प्रतियोगिता 2021-22 का आयोजन किया गया।

ग. खेल विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन, चंडीगढ़ के सहयोग से दिनांक 5.3.2022 से 8.3.2022 तक अखिल भारतीय सिविल सेवा पुरुष फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन शैली और महिला मुक्त शैली कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

घ. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार के सहयोग से दिनांक 10.3.2022 से 15.3.2022 तक दिल्ली में अखिल भारतीय सिविल सेवा क्रिकेट टूर्नामेंट 2021-22 का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में कुल 40 टीमों ने भाग लिया।

ङ. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार के सहयोग से दिनांक 10.03.2022 से 15.03.2022 तक छत्रसाल स्टेडियम, मॉडल टाउन, दिल्ली में अखिल भारतीय सिविल सेवा फुटबॉल टूर्नामेंट 2021-22 का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में कुल 35 टीमों ने भाग लिया।

च. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार के सहयोग से दिनांक 10.03.2022 से 17.03.2022 तक त्यागराज स्टेडियम, दिल्ली में अखिल भारतीय सिविल शतरंज टूर्नामेंट 2021-22 का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में कुल 34 टीमों ने भाग लिया।

छ. चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा लेक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, चंडीगढ़ में दिनांक 09.3.2022 से 14.3.2022 तक अखिल भारतीय सिविल सेवा लॉन टेनिस (पुरुष और महिला) टूर्नामेंट 2021-22 का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में कुल 26 टीमों ने भाग लिया।

ज. दिनांक 24.03.2022 से 30.3.2022 तक ताऊ देवी लाल खेल स्टेडियम, सेक्टर-3 पंचकुला में अखिल भारतीय सिविल सेवा बैडमिंटन (पुरुष और महिला) टूर्नामेंट 2021-22 का आयोजन किया गया।

झ. ताऊ देवी लाल खेल स्टेडियम, सेक्टर 38, गुड़गांव, हरियाणा में अखिल भारतीय सिविल सेवा एथलेटिक्स (पुरुष और महिला) टूर्नामेंट 2021-22 का आयोजन किया गया।

ञ. दिनांक 28.03.2022 से 30.3.2022 तक सोनीपत, हरियाणा में अखिल भारतीय सिविल सेवा कबड्डी (पुरुष और महिला) टूर्नामेंट 2021-22 का आयोजन किया गया।